राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल से पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा ने की मुलाकात

## राज्यपाल ने महिला अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के दिए निर्देश

जयपुर, 11 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा ने मुलाकात की।

राज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक श्री मिश्रा को प्रदेश में महिला अपराधों की प्रभावी रोकथाम और इस संबंध में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य में कानून एवं शांति व्यवस्था सभी स्तरों पर कायम रखने के साथ ही अपराधों के नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा समुचित और कारगर कदम उठाने के लिए भी पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए।

———